भारत सरकार
संचार मंत्रालय
डाक विभाग

लोक सभा
अतारांकित प्रश्न संख्या 1445
उत्तर देने की तारीख 31 जुलाई, 2024

डाकघर पासपोर्ट सेवा केन्द्र

1445. डॉ. नामदेव किरसान :

क्या संचार मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या देश के सभी लोक सभा निर्वाचन क्षेत्रों में डाकघर पासपोर्ट सेवा केन्द्र खोलने की योजना के अंतर्गत महाराष्ट्र के गढ़चिरौली संसदीय निर्वाचन क्षेत्र में डाकघर पासपोर्ट सेवा केन्द्र शुरू करने के लिए नागपुर डाक सर्कल को भी कोई दिशानिर्देश जारी किए गए हैं; और

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

उत्तर

संचार एवं ग्रामीण विकास राज्य मंत्री
(डॉ. पेम्मासानी चंद्र शेखर)

(क) और (ख) महाराष्ट्र के गढ़चिरौली-चिमूर संसदीय निर्वाचन क्षेत्र के गढ़चिरौली उप-डाकघर में 18.02.2019 से ही डाकघर पासपोर्ट सेवा केंद्र प्रचालनरत है।

*****